राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–253/2024

राज्यपाल ने जूनियर हॉकी पुरूष एशिया कप, 2024 जीतने पर भारतीय टीम को बधाई दी

पटना, 05 दिसम्बर, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने जूनियर हॉकी पुरूष एशिया कप, 2024 के फाइनल में पाकिस्तान को 5–3 से हराकर ट्रॉफी जीतने पर भारतीय टीम को हार्दिक बधाई दी है।

राज्यपाल ने कहा कि यह जीत हमारे खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम, अद्भुत कौशल और उत्कृष्ट टीम भावना का प्रतिफल है। उनकी इस उपलब्धि से देश गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने भारतीय जूनियर हॉकी पुरूष टीम के सभी युवा खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी है।

....